# दिनांक 05.12.2020 को सिविल सर्विसेज ऑफीसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी लि0 आयोजित विशेष आमसभा–सह–चुनाव की कार्रवाई

दिनांक 05.12.2020 को पूर्व0 11.30 बजे सी0एस0ओ0 विशेष आमसभा सह चुनाव सभा का आयोजन Virtual mode में Google meet पर किया गया। बैठक में निधारित समय पर सदस्य ऑन–लाईन mode एवं ऑफ–लाईन में उपस्थित हुयेः–

**Online Mode**

1. श्री ए0के0 रथ,
2. श्रीमति सुषमा सिंह,
3. श्री एन0एन0पाण्डेय,
4. श्री बी0 बी0 प्रधान,
5. श्री ए0के0 रस्तोगी
6. श्री आर0सी0 राम
7. श्री अशोक कुमार

सी0एस0ओ0 के Bylaws की कंडिका 27 (1) (ग) के अनुसार बैठक में गणपूर्ति हेतु 1/3 अथवा 50 जो भी कम हो सामान्य बैठक की गणपूर्ति के लिए आवश्यक है। गणपूर्ति नहीं होने के कारण आम सभा को आधा घण्टे के लिए स्थगित किया गया। पुनः 12 बजे से आम सभा करने का निर्णय लिया गया।

12.00 बजे पुनः आम सभा की कार्यवाई प्रारम्भ की गई बैठक में निम्ननांकित सदस्य ऑफ–लाईन मोड में तथा निम्नांकित सदस्य ऑन–लाईन उपस्थित हुयेः।

**Offline Mode**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री बी0 बी0 प्रधान, | भा0पु0से0 | उपाध्यक्ष |
| 2. श्री ए0के0 रस्तोगी, | भा0व0से0 | सचिव |
| 3. श्री आर0के0 मल्लिक, | भा0पु0से0 | सदस्य |
| 4. श्री आर0एल0 बक्शी, | भा0व0से0 | कोषाध्यक्ष |
| 5. श्री आर0सी0 राम, | भा0पु0से0 | सदस्य |
| 6. श्री अशोक कुमार, | भा0व0से0 | सदस्य |
| 7. श्री कमलेश पाण्डेय, | भा0व0से0 | सदस्य |

**Online Mode**

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमति सुषमा सिंह, | भा0प्र0से0 |
| 2. श्री ए0के0 रथ, | भा0प्र0से |
| 3. श्री बिनोद अग्रवाल, | भा0प्र0से0 |
| 4. श्री डी0के0तेवतिया, | भा0व0से0 |
| 5. श्री कुलवंत सिंह, | भा0व0से0 |
| 6. श्री किर्ती सिंह, | भा0व0से0 |
| 7. श्री दीपक सिंह, | भा0पु0से0 |
| 8. श्री एन0एन0पाण्डेय, | भा0प्र0से0 |
| 9. श्री आर0के कटारिया, | भा0पु0से0 |
| 10. श्री महेन्द्र प्रसाद, | भा0व0से0 |
| 11. श्री शशिकर सामंत, | भा0व0से0 |
| 12. श्री आर0के0 वर्मा, | आई0ए0ए0एस0. |

Vice President
CSO Co-operative Housing Society Ltd

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD

TREASURER

13. श्री ए0के0 सरकार, भा0प्र0से0
14. श्री रूद्रानंद प्रसाद, भा0प्र0से0
15. श्री आर0पी सिंह, भा0व0से0
16. श्री वैदेही सरण मिश्रा, भा0प्र0से0
17. श्री दिनेश कुमार, भा0व0से0
18. श्री ए0टी0 मिश्रा, भा0व0से0
19. श्री सी0पी0 किरण, भा0पु0से0

Bylaws की कंडिका 27 (1) (ग) के अनुसार बैठक में गणपूर्ति हेतु सदस्य सं0 1/5 अथवा 25 जो भी कम होगी आवश्यक है। स्थगन के पश्चात् कुल 26 सदस्य उपस्थित हैं। अतः आम सभा की गणपूर्ति हो जाती है।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए श्री ए0के0रस्तोगी, सचिव ने सोसाईटी की वस्तुस्थिति पर बिन्दुवार अवगत कराया:

1. <u>सोसाईटी की आर्थिक स्थिति:</u>

वर्ष 2018–19 एवं 2019–2020 के आय–व्यय की स्थिति निम्नवत् है:

| INCOME | 2019-2020 | 2018-2019 |
|---|---|---|
| By, FD Interest | 1,692,855.00 | 1,137,826.00 |
| By, Bank Interest | 466,222.00 | 298,231.00 |
| By, Supply Cost of Byelaws | 50.00 | 100.00 |
| By, Misc. Receipt | 450.00 | 900.00 |
| **Total Income** | **2,159,577.00** | **1,437,057.00** |
| **EXPENDITURE** | **2019-2020** | **2018-2019** |
| To, Bank Charges | 472.00 | 165.37 |
| To, Petrol & Telephone | 39,000.00 | 13,800.00 |
| To, Salary | 290,300.00 | 317,300.00 |
| To, Audit Fee | 11,800.00 | 11,800.00 |
| To, Legal Expenses | - | 62,005.90 |
| To, Printing & Stationary | - | 1,050.00 |
| To, Accounting Charges | 5,000.00 | 5,000.00 |
| To, Depreciation | 8,214.00 | 6,948.84 |
| To, Mobile Expenses | 1,400.00 | 2,898.00 |
| To, Postage and Telegram | - | 41.30 |
| To, Misc. Expenses | - | 7,316.00 |
| To, Meeting. Expenses | 1,357.00 | - |
| To, Travelling & Conveynance | 4,000.00 | - |
| To, IT Services | 5,015.00 | 5,015.00 |
| **Total Expenture** | **366,558.00** | **433,340.41** |

| | | |
|---|---|---|
| **Excess of income over expenditure** | **1,793,019.00** | **1,003,716.59** |

वर्ष 2018–2019 एवं 2019–20 का सम्पूर्ण आंकेक्षण हो चूका है। आंकेक्षण प्रतिवेदन कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे विशेष आमसभा के द्वारा स्वीकार किया गया।

VICE President
CSO Co-operative Housing Society Ltd

SECRETARY CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD

TREASURER CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

## 01.04.2020 का आय व्याय

**DETAILS OF INCOME & EXPENDITURE ACCOUNT FOR THE PERIOD FROM 01.04.2020 TO 31.10.2020**

| INCOME | 2019-2020 | |
|---|---|---|
| By, FD Interest<br>By, Bank Interest | -<br>208859.00 | |
| Total Income | **208859.00** | |
| **EXPENDITURE** | **2019-2020** | |
| To, Bank Charges<br>To, Petrol & Telephone<br>To, Salary<br>To, IT Services | -<br>22,200.00<br>1,91,800.00<br>34,515.00 | |
| **Total Expenture** | **2,48,515.00** | |

**Fixed Deposit**

| Account No. | Amount | Maturity Date |
|---|---|---|
| 1. 36076176298 | 6540929 | 08.09.2020 |
| 2. 31423514744 | 5479729 | 11.01.2021 |
| 3. 31423542357 | 4042754 | 10.11.2020 |
| 4. 36913473027 | 8625400 | 10.11.2020 |
| 5. 36314410802 | 2029640 | 19.11.2020 (Second Phase) |
| कुल– | **26718482** | |

**Saving Bank**

| | Account No. | Amount |
|---|---|---|
| 1. | 11026363260 | 9493275 |
| 2. | 31456306268 | 304394 |
| 3. | रांची, खूंटी कोप बैंक | 59327 |

**2. अकक्षण**

2. **विकास शुल्क**

प्रथम किश्त के लिये प्रति सदस्य एक लाख की दर से राशि जमा की जानी है। कुल 240 सदस्यो की 240 लाख रूपये जमा होने हैं जिसके विरूद्ध मात्र 204.20 लाख रूपये प्राप्त हुये हैं।

उपरोक्त राशि जमा करने का निर्णय 16.08.2016 को निदेशक मंडल का बैठक में लिया गया था। पुनः 24.09.2016 के आमसभा के बैठक में भी अनुरोध किया गया था। उसके उपरांत दिनांक 02.09.2017 की आमसभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी सदस्यों से विकास शुल्क के लिए अनुरोध किया जाय। तदोपरान्त 24.02.2018 की आमसभा में निर्णय लिया गया कि 31.05.2018 तक विकास शुल्क की राशि रू0 100000 जमा कर दें अन्यथा 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देय होगा। अभीतक 38 सदस्यों से रू0 100000 विकास राशि प्राप्त नहीं हुई है।

TREASURER CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

SECRETARY CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

Vice President CSO Co-operative Housing Society Ltd

द्वितीय किश्त के लिये प्रति सदस्य 1.5 लाख रूपये की दर में राशि जमा की जानी है। कुल 360 लाख रूपये जमा किये जाने है जिसके विरूद्ध मात्र 256.75 लाख रूपये प्राप्त हुये है। पुनः नापी के समय जिन सदस्यों का प्लॉट विवदित होगा था उन्हें फिलहाल इस राशि को जमा करने से छुट दी गई है। अभी तक 72 सदस्यों ने विकास शुल्क नहीं जमा किया है।

दिनांक 05.07.2019 को निदेशक मंडल की बैठक में पुनः निर्णय लिया गया कि द्वितीय विकास शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15.08.2019 तक दिया गया। तदोपरान्त ब्याज दर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा, तय किया गया।

**रेजिस्ट्रेशन शुल्कः** अभी 17 तक सदस्यों द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क (रू0 7000/सदस्य) भी जमा नहीं किया गया है। कुल बकाया राशि 1.19 लाख रू0 है।

सदस्यों पर विकास शुल्य एवं व्याज की कुल राशि 221.835 लाख रू0 बकाया है।

## 2. बाउड्रीवाल का निर्माण

कुल 6.2 कि0मी0 बाहरी दीवार ऊँचाई 8 फीट तथा दो फीट कंटीले तार (Concertina wire) से घेरान हेतु कुल 539.44859 लाख का कार्य स्वीकृत हुआ था। अभी तक स्थल पर 64 प्रतिशत बाउड्रीवाल का निर्माण हो चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। यह कार्य अप्रैल 2020 तक पुरा होना निर्धारित है। कंटीले तार के बदले पाँच स्टैण्ड solar powered electric fence लगाया जाना प्रस्तावित है। कंटीले तार (Concertina wire) एवं उसके लगाने का व्यय लगभग 15 लाख रू0 अनुमानित है। Solar powered Electric fencing के लिये दर प्राप्त की जानी है।

## 4. प्रवेश द्वारा

सोसाईटी में दीवार बनाने के समय 75 फीट चौड़े गेट लगाने का प्रावधान रखा गया था। यह व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है। one way entrance एवं Security guard room को मिला कर 45 फीट अथवा 60 फीट गेट समुचित प्रतीत होता है।

## 5. नापी के कारण प्लॉट का reallocation:-

पूर्व के प्लॉट आवंटन के समय स्थल पर सही नापी नहीं होने के कारण कुछ प्लॉट रैयती भूमि पर भी Demarcate हो गए थे। पूर्व में आकलन में 48 प्लॉट गलत आवंटित पाए गए थे। परन्तु स्थल पर पूर्ण नापी कराने पर पाया गया कि 65 प्लॉट गलत नापी के कारण प्रभावित है। वर्तमान में लगभग 8.20 एकड़ रैयती भूमि सोसाईटी की सीमा के अन्दर है। उसे Demarcate कर बाहर किया जाना है। इस कारण पुनः Allocation होने पर Road Alignment सीधा करने के कारण लगभग 96 प्लॉट प्रभावित होंगे जिनका पुनः आवंटन किया जाना है। 144 प्लॉट यथावत् रहेंगे।

## 6. रैयती भूमि

सोसाईटी की सीमा में सटे अन्दर की तरफ 26 प्लॉट रैयती है जिनका कुल रकवा 8. 20 एकड़ है। इस रैयती भूमि का क्रय करने में काफी समय लगेगा तथा राशि व्यय करनी होगी जिससे सोसाईटी का विकास कार्य पीछे हो जाएगा। दूसरा विकल्प इसे चार दिवारी से घेरान कर बाहर कर दिया जाय जिस कारण दीवार की लम्बाई लगभग 3000 मी0 बढ़ जाएगी। पुरानी दीवार एवं नई दीवार मिलाकर कुल 250 लाख रू0 का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.
TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.
VICE President
CSO Co-operative Housing Society Ltd.

**7. निर्णय**

उपरोक्त सभी बिन्दुओं के सभी पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए:

**(क)** जिन सदस्यों ने अभी तक निबंधन शुल्क एवं व्याज की राशि जमा नहीं की है उन्हे 31.12.2020 तक अंतिम नोटिस दिया जाय तथा 31.03.2021 तक मूल एवं ब्याज बकाया राशि जमा करने का समय दिया जाय, यह अंतिम मौका है। यदि निर्धारित तिथि तक राशि नहीं जमा की जाती है तो ऐसे सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने हेतु कार्यकारिणी समिति को अधिकृत किया गया।

**(ख)** जिन 48 सदस्यों के प्लॉट विवादित हो जाने के कारण द्वितीय विकास शुल्क जमा करने से छुट दी गई थी उन्हे 31.03.2021 तक राशि जमा करने का समय दिया जाय।

**(ग)** जिन सदस्यों का प्लॉट नापी अथवा Reallocation के कारण प्रभावित है उन्हें द्वितीय विकास शुल्क पर देय ब्याज नहीं देना होगा, परन्तु बकाया जमा करने की अंतिम तिथि 31.03.2021 तक ही होगी।

**(घ)** स्थल पर आवंटित सभी प्लॉट को डेढ़ फीट RCC pillar से Demarcate कर Paint कर प्लॉट संख्या अंकित किया जाय तथा रोड का Layout कर Demarcate किया जाय। कार्यकारिणी समिति को व्यय का आंकलन कर कार्य पूरा करने हेतु अधिकृत किया गया।

**(ङ)** नापी के कारण प्रभावित 96 प्लॉट को Reallocate किया जाय। सदस्यों को निबंधन में कम से कम परेशानी हो इस बात को ध्यान में रखा जाय।

**(च)** रैयती भूमि के आने–जाने हेतु निकटतम बाउंड्री से 10 फीट का रास्ता देते हुए उसे बाउंड्रीवाल से घेरान कर बाहर किया जाय।

**(छ)** Concertina wire के बदले Five Strand Solar powered electric fencing लगाई जाय। व्यय का आंकलन कर कार्यकारिणी कार्य सम्पन्न करायें।

**(ज)** गेट की चौड़ाई अधिकतम 45 फीट रखी जाय। आने–जाने के लिए दो गेट हों। बीच में सुरक्षा गार्ड हेतु कमरा बनाया जाय तथा एक तरफ पैदल चलने वालों के लिए निकास गेट लगाया जाय।

**(झ)** अतिरिक्त कार्यों पर होने वाले व्यय का कार्यकारिणी समिति द्वारा आकलन कर सदस्यों से अतिरिक्त विकास शुल्क प्राप्त करने हेतु कार्रवाई करें।

चार दीवारी/गेट लगाना, प्लॉट का स्थल पर चिन्हितीकरण एवं पुर्नःआवंटन तथा डेढ़ फीट RCC pillar से सीमांकन, रोड का सीमांकन कार्य 30.06.2021 तक पूरा किया जाय ताकि सदस्य अपने आवंटित प्लॉट पर कार्य प्रारम्भ कर सके।

**8. चुनाव**

पिछला चुनाव दिनांक 24.09.2016 को सम्पन्न हुआ था जिसका कार्यकाल आगामी अगस्त 2021 तक है। दिनांक 05.12.2020 को होनेवाली चुनाव की अधिसूचना दिनांक 05.11.2020 को जारी कर दी गयी थी जिसकी सूचना देते हुए निबंधन शाखा को प्रवेक्षक नियुक्त करने हेतु निवेदन

TREASURER CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.
SECRETARY CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.
Vice President CSO Co-operative Housing Society

किया गया था ताकि 05.12.2020 को चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। श्री एन०एन० पाण्डेय, भा०प्र०से को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था।

श्री पाण्डेय चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल कराया–

| क्रमांक | सदस्यों के नाम | मतदाता सूची में क्रमांक | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री बी०बी० प्रधान, भा०पु०से० | 69 | निदेशक |
| 2. | श्री ए०के० रस्तोगी, भा०व०से० | 29 | निदेशक |
| 3. | श्री आर०के० मल्लिक, भा०पु०से० | 161 | निदेशक |
| 4. | श्री ए०पी० सिंह, भा०प्र०से० | 142 | निदेशक |
| 5. | श्रीमती आराधना पटनायक, भा०प्र०से० | 101 | निदेशक |
| 6. | श्री आर०एल० बक्शी, भा०व०से० | 227 | निदेशक |
| 7. | श्री आर०सी० राम, भा०पु०से० | 115 | निदेशक |
| 8. | श्री अशोक कुमार, भा०व०से० | 50 | निदेशक |
| 9. | श्री कमलेश पाण्डेय , भा०व०से० | 192 | निदेशक |

चूँकि उपरोक्त 9 सदस्य ने ही चुनाव में नामांकन किया जबकि पूर्व में 11 सदस्य निदेशक मंडल में थे। अतः उपरोक्त सभी सदस्य को चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारी समिति बैठक कर पदाधिकारियों का चयन करेगी तथा सभी सदस्यों को अवगत करायेगी।

**अन्य** – नाम परिवर्तन / मनोनयन–

1. श्रीमती श्यामा ठाकुर जिनके पति श्री स्व० के०एन० ठाकुर, भा०व०से० सदस्य संख्या–267 के स्थान पर उनकी पत्नी का नामांकन किया जाना है।
2. श्री अरूण कुमार प्रभाकर, भा०व०से० जिन्होने अपने निम्नलिखित Nominee मनोनीत किया है–

    I. श्रीमती पुष्पा प्रभाकर – पत्नी

    II. श्री दीपांकर कर्ण – पुत्र

    III. श्री प्रियंकर प्रभाकर – पुत्र

    IV. श्री शुभंकर प्रभाकर – पुत्र

उपरोक्त सभी का नामांकन दर्ज किया जाय।

तत्पश्चात् सचिव द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की गयी।

(आर० एल० बक्शी)
कोषाध्यक्ष
TREASURER
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

(ए० के० रस्तोगी)
सचिव
SECRETARY
CSO CO-OPERATIVE HOUSING SOCIETY LTD.

(बी० बी० प्रधान)
उपाध्यक्ष
Vice President
CSO Co-operative Housing Society Ltd.

Page - 6



E:\ANUJ\A.K. Rastogi\CSO.doc